परिशिष्ट 12 (संगति)

बाइबल में 'कलीसिया' शब्द का अर्थ

1. शब्द 'कलीसिया'

अग्रेजी भाषा का शब्द 'कलीसिया' ग्रीक भाषा के शब्द कुरिआकोन डोमा (*kuriakon doma)* से लिया गया है जिसका अर्थ परमेश्वर का घर है। लेकिन बाइबल की मूल भाषा ग्रीक में 'कलीसिया' शब्द को इकलीसिया *ekklèsia* कहा जाता है।
इकलीसिया शब्द के बाइबल में बहुत से मायने हैं:

2. लोगों के जमा या इकट्ठा होने के सन्दर्भ में इकलीसिया।

(1) सभा

इकलीसिया का मतलब एक सभा होता है, जिसमें लोग राजनैतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए नियमित तौर पर बुलाये जाते हैं। (प्रेरितों 19:39)

(2) बैठक।

इकलीसिया का मतलब लोगों के एक स्थान में जमा या एकत्रित होने से है(प्रेरितों 19:32,41)

(3) (मण्डली)

इकलीसिया का अर्थ इस्राएल की मण्डली से हैं, खास तौर पर जब वे किसी धार्मिक कार्य के लिए जमा हुए हों(न्यायियों 20:2; 2 इतिहास 29:28; भजन संहिता 22:22; भजन संहिता 107:32; प्रेरितों के काम 7:38)। ध्यान रखें कि पुराने नियम में इस्राएल को कलीसिया(ग्रीक: इकलीसिया) कहा गया और जिसमें प्राचीनों (ग्रीक:प्रेस्ब्यूटीरोई) के परिषद (अर्थात शिक्षक व न्यायियों)के द्वारा अगुवाई की जाती थी।

3.मसीहियों की मण्डली के सन्दर्भ में इकलीसिया।

मसीहियों से बनी हुई मण्डली का अर्थ कलीसिया होता है। शब्द का अर्थ इस बात पर आधारित है कि उस मण्डली को किस परिपेक्ष में होकर देखा जा रहा है।

(1) इकलीसिया का अर्थ स्थानीय मसीहियों की सभा भी हो सकती ह।

(1 कुरिन्थियों 11:18; 14:19; 3 यूहन्ना 6)

(2) इकलीसिया का अभिप्राय उस स्थान से भी हो सकता है जहां पर बहुत से मसीही लोग इकट्ठा होकर एक साथ निवास करते हैं।

- अकेले में कलीसिया (मत्ती 18:17; प्रेरितों 5:11; 8:3; 1 कुरिन्थियों 4:17; फिलिप्पियों 4:15 सम्भवत: 1 तीमुथीयुस 5:16)। "प्रत्येक मण्डली में कलीसिया"(ग्रीक :काटा एकलीसियन, बँटे हुए सन्दर्भ में, प्रेरितों 14:23)।
- विशेष शहरों में दर्शायी गयी कलीसिया :यरूशलेम (प्रेरितों 8:1; 11:22); अन्ताकिया की कलीसिया (प्रेरितों 11:26; 13:1);किंखिया की कलीसिया(रोमियों 16:1); कुरिन्थियों (1 कुरिन्थियों 1:2); थिस्लुनिकियों (1 थिस्लुनिकियों1:1); इफिसुस (प्रकाशित वाक्य 2:1)इत्यादि।
- बहुवचन में कलीसिया(प्रेरितों 15:41; 16:5; रोमियों 16:16; 1 कुरिन्थियों 7:17; 2 कुरिन्थियों 8:18-24; 2 थिस्लुनिकिया 1:4)
- अलग अलग प्रान्तों में उल्लेखित कलीसियाएं: यहूदिया(गलातियों 1:22; 1 थिस्लुनिकियों 2:14); गलातिया (गलातियों 1:2;1 कुरिन्थियों 16:1); एशिया(1 कुरिन्थियों 16:19; प्रकाशितवाक्य 1:4); मकिदुनिया (कुरिन्थियों 8:1)।

(3) इकलीसिया का अभिप्राय घर मे एकत्रित होने वाले मसीहियों का समूह भी हो सकता है।

रोम (रोमियों 16:5) और इफिसुस (1 कुरिन्थियों 16:19) में रहने वाले प्रिस्का और अक्विला के घर में कलीसिया(रोमयों 16:5)।

नुमफास के घर की कलीसिया(कुलुस्सियों 4:15)

फिलेमोन के घर की कलीसिया(फिलेमोन 1:1-2)

(4) इकलीसिया का मतलब : एक सार्वभौमिक कलीसिया भी हो सकता है, जिसके अर्न्तगत सारे संसार के मसीही समा जाते हैं।

(मत्ती 16:18; प्रेरितों 9:31; 1 कुरिन्थियों 6:4; 12:28; इफिसियों 1:22; 3:10,21; 5:23-32; फिलिप्पियों 3:6; कुलुस्सियों 1:18,24; सम्भवत: 1 तीमथीयुस 5:16)।

(5) कई बार सार्वभौमिक या स्थानीय कलीसिया को विशेष नामों से पहिचाना जाता है।

इसके द्वारा ग्रीक शब्द'इकलीसिया' को एक नया रूप व विशेष अर्थ मिलता है: " परमेश्वर की कलीसिया"(1 कुरिन्थियों 1:2; 10:32 इत्यादि)। "मसीह की सारी कलीसियाएं(मण्डलियां)"(रोमियों 16:16)। "परमेश्वर पिता और प्रभु यीशु मसीह के नाम में थिस्लुनिकियों की कलीसिया"(1 थिस्लुनिकियों 1:1)। "सन्तों की सारी कलीसिया(मण्डली) में"(1 कुरिन्थियों 14:33)। "अन्यजातियों की सारी कलीसियाएं" (रोमियों 16:4)।

(4) पुराने और नये नियम और नये नियम में 'कलीसिया' या 'मण्डली'।

(1) कलीसिया कोई संस्थागत एकता नहीं बल्कि आत्मिक एकता है।

पुराने नियम के विश्वासी एक 'सभा' या 'कलीसिया' के भाग थे("ग्रीक" इकलीसिया) (न्यायियों 20:2;2 इतिहास 19:28; भजन संहिता 22:22; भजन संहिता 107:32; इब्रानियों 11:10:16; 12:22-24), जो बिल्कुल नये नियम में "कलीसिया" या "सभा" के समान है। (गलातियों 4:26; इब्रानियों 13:14)!

पुराने नियम में दीपदान(निर्गमन 25:31-32)। पुराने नियम में तम्बू के भीतर एक ही दीप था जिसमें सात दीप जुड़े हुए थे। यह दीप दान पुराने नियम की कलीसियाओं (इस्राएल) की एकता का प्रतीक था।

नये नियम में दीपदान (प्रकाशितवाकय 1:20)। नये नियम की कलीसिया के विश्वासी मसीह के एक सावभौमिक देह के भाग होने के (1 कुरिन्थियों 12:12-13)साथ -साथ, स्थानीय कलीसिया के भी सदस्य हैं। नये नियम के दौरान नये नियम की कलीसियाओं के बीच में एकता, मसीह की मौजूदगी और पवित्र आत्मा के माध्यम से सातों दीपों के बीच में उसकी सक्रियता को प्रदर्शित करती है। पुराने नियम में केवल एक ही दीप नहीं है, वरन सात दीप एक दीप से जुड़े हुए है। वे एक साथ मिलकर सारे संसार की कलीसिया को एक रूप में होकर नये नियम के समय में प्रगट करते हैं(प्रकाशितवाक्य 2:7)। अत:,नये नियम के दौर में नये नियम की कलीसियाएं प्रत्यक्ष रूप में एक दूसरे के साथ जुड़ी नहीं थीं, परन्तु वे यीशु मसीह में होकर आत्मिक रूप से एक थीं,जो आज भी पवित्र आत्मा के माध्यम से उनके बीच में सक्रिय है।

मसीह की देह। मसीह की देह के रूप में कलीसिया(इफिसियों 4:12) और उसके अंगों के रूप में सारे मसीहियों की तस्वीर इस बात को दर्शाती है कि यद्यपि मसीही मण्डलियां संस्थागत तौर पर एक दूसरे से स्वतन्त्र है लेकिन वे मसीह अर्थात अपने सिर स अलग नहीं है। उन्हें उनकी आत्मिक एकता केवल मसीह में जाकर ही प्राप्त होती है। शरीर के सभी अंग, सिर को छोड़ अन्य किसी दूसरे अंग के द्वारा नियन्त्रित नहीं होते, जो यीशु मसीह है। अत: मसीह की देह का कोई भी अंग कलीसिया के दूसरे अंग पर प्रभुता नहीं कर सकता। न तो 'माता कलीसिया' उस पर प्रभुता कर सकती है और न 'बेटी मण्डली'।

(2) सार्वभौमिक कलीसिया बहुत सी संस्थाओं से मिलकर नहीं बनी है।

बाइबल में कहीं पर भी चर्च के नाम का कोई जिक्र नहीं दिया गया है।

(3) कोई भी मण्डली किसी संस्था की छत्र छाया में नहीं थी।

बाइबल में कहीं पर भी किसी संस्था की छत्रछाया का जिक्र नहीं दिया गया है, जिसकी अधीनता में होकर किसी मण्डली ने काम किया हो।

(4) बाइबल में पायी जाने वाली कोई भी स्थानीय कलीसिया या सार्वभौमिक कलीसिया, कभी कोई राजकीय,राष्ट्रीय या किसी वर्ग के लिए विशिष्ट कलीसिया नहीं थी।

बाइबल में कहीं पर भी इस बात का प्रमाण नहीं है कि कलीसिया राजकीय कलीसिया या केवल एक ही राष्ट्र की कलीसिया थी: यहूदियों और यूनानियों से मिलकर ही रोम(रोमियों अध्याय 14) और इफिसुस (इफिसुस अध्याय 2) की कलीसिया का निर्माण हुआ था।

5. "इकलीसिया" शब्द के अर्थ का सार।

केवल उस दशा को छोड़कर जब मसीह की देह का अर्थ सार्वभौमिक कलीसिया हो, मण्डली के रूप में इकलीसिया का अर्थ सदैव किसी खास पर जगह पर जमा होने वाली 'एक स्वावलम्बी मण्डली' से होता है। मसीह की देह एक आत्मिक वास्तविकता है। स्वावलम्बी मण्डलियों में आत्मिक एकता मसीह की आत्मा, बाइबल की सच्चाइयों और स्वावलम्बी मण्डलियों के बीच आपसी परामर्श व सहयोग से मज़बूत बनी रहती है।